# शहीद मेजर संजीव लाठर, राजकीय कॉलेज ,जुलाना

## कल्चरल कमेटी

## वार्षिक रिपोर्ट 2024- 25

शहीद मेजर संजीव लाठर, राजकीय कॉलेज , जुलाना में 24 सितंबर 2024 को दो दिवसीय प्रतिभा खोज सांस्कृतिक कार्यक्रम का आगाज़ हुआ । 24 सितंबर 2024 के कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय कार्यकारी प्राचार्य डॉ. विजेंद्र ने की। उन्होंने कहा कि सभी विद्यार्थियो को इस तरह की प्रतियोगिताओं में भाग अवश्य लेना चाहिए। क्योंकि इस तरह की प्रतियोगिताओं में भाग लेने से बच्चों में छुपी प्रतिभा को उजागर करने का मौका मिलता है। म्यूजिकल इंस्ट्रूमेंट प्लेईंग में आकाश ने प्रथम स्थान , रोहित ने द्वितीय और बिन्नी ने तृतीय स्थान हासिल किया। बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट प्रतियोगिता में बी ए प्रथम वर्ष से मुस्कान प्रथम स्थान पर रही । प्रश्नोत्री प्रतियोगिता में सात टीम ने हिस्सा लिया । प्रथम स्थान पर बिन्नी, पायल और पायल की टीम रही, दूसरे स्थान पर रूपेंद्र , आशीष और अभिषेक की टीम रही । तीसरा स्थान प्रिया, सुमन और राशि की टीम ने हासिल किया । रंगोली प्रतियोगिता में बी ए फाइनल ईयर से ज्योति व शिवानी पहले स्थान पर, बी ए फर्स्ट ईयर से अमृता व मनीषा दूसरे स्थान पर और बी ए द्वितीय वर्ष से राशि और हर्षिता तीसरे स्थान पर रही। फोटोग्राफी प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर हर्षिता , तन्नु बी ए फाइनल इयर से दूसरे स्थान पर और खुशबू बी ए द्वितीय वर्ष से तीसरे स्थान पर रही।

दिनांक 29 एवं 30 नवंबर 2024 को राजकीय महाविद्यालय जींद में क्षेत्रीय युवा महोत्सव का आयोजन किया गया।जिसमें शहीद मेजर संजीव लाठर राजकीय महाविद्यालय जुलाना के 30 विद्यार्थियों ने 9 विधाओं में अपना जौहर दिखाया। प्राचार्य डॉक्टर सत्यवान मलिक और कार्यकारी प्राचार्य श्रीमान विजेंद्र कुमार के मार्गदर्शन और सहयोग से तथा विद्यार्थियों के सतत प्रयास के कारण जुलाना महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने 5 विधाओं में जीत हासिल की। कल्चरल इंचार्ज मैडम सोनिया देशवाल ने बताया कि वेस्टर्न इंस्ट्रूमेंट सोलो में आकाश प्रथम,मिमिक्री में बीनी प्रथम, क्लासिकल इंस्ट्रूमेंट सोलो स्वर वाद्यन मे आकाश प्रथम, क्लासिकल इंस्ट्रूमेंट सोलो ताल वादन में पंकज द्वितीय, कोरियोग्राफी टीम द्वितीय स्थान पर रहे।

शहीद मेजर संजीव लाठर राजकीय महाविद्यालय जुलाना के विद्यार्थियों ने हिंदू कन्या महाविद्यालय जींद में 23 से 25 जनवरी तक आयोजित इंटर जोनल यूथ फेस्टिवल में हिस्सा लिया। जुलाना महाविद्यालय के विद्यार्थियों सोमबीर,नितेश और पंकज ने क्विज कंपटीशन में प्रथम स्थान प्राप्त किया। क्लासिकल इंस्ट्रूमेंट सोलो प्रकशन में पंकज ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया तथा वेस्टर्न इंस्ट्रूमेंट सोलोमें आकाश ने तृतीय तथा मिमिक्री में बिन्नी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस मौके पर कॉलेज के प्राचार्य डॉ. सत्यवान मलिक जी तथा कार्यकारी प्राचार्य श्रीमान विजेंद्र कुमार जी ने सभी विद्यार्थियों को बधाई दी। कल्चरल इंचार्ज मैडम सोनिया देशवाल ने बताया कि इस जीत से सभी स्टाफ मेंबर्स और विद्यार्थियों में खुशी का माहौल है और महाविद्यालय आगे भी उपलब्धियो को प्राप्त करने के लिए प्रयासरत है।

शहीद मेजर संजीव लाठर राजकीय कॉलेज जुलाना में 4 और 5 फरवरी 2025 को दो दिवसीय स्वर निर्झर कार्यक्रम का आयोजन किया गया | कार्यक्रम में कॉलेज के छात्रों ने बढ़ चढ़कर कर भाग लिया | कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य श्री सत्यवान

Scanned with CamScanner

मलिक जी ने की | प्राचार्य महोदय जी ने कहा कि छात्रों को इस तरह की प्रतियोगिता में अवश्य भाग लेना चाहिए | इस तरह के प्रतियोगिता में भाग लेने से छात्रों में छुपी प्रतिभा को उजागर करने का मौका मिलता है | सोलो डांस में प्रीति ने प्रथम ,ज्योति ने द्वितीय और नैंसी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया | जनरल डांस में नैंसी प्रथम रही | वाद्य यंत्र प्रतियोगिता में आकाश ने प्रथम, पंकज ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया | मिमिक्री में बिन्नी प्रथम और तमन्ना द्वितीय स्थान पर रही | गायन में आकाश प्रथम ,रोहित द्वितीय व काजल तृतीय स्थान पर रही| ग्रुप डांस में प्रीति रामवासी ने प्रथम, नैंसी व अंकुश ने द्वितीय और संजना शवेता ने तीसरा स्थान प्राप्त किया | हरियाणवी सालो में प्रीति प्रथम स्थान ,ज्योति द्वितीय स्थान, नैंसी तृतीय स्थान पर रही | फोटोग्राफी में अक्षय प्रथम स्थान ,प्रीति द्वितीय स्थान ,रोहित तृतीय स्थान पर रहे | कविता पाठ में शिक्षा प्रथम स्थान , नैंसी द्वितीय स्थान ,प्रीति तृतीय स्थान पर रही | स्पीच में राशि प्रथम स्थान ,प्रिया द्वितीय स्थान ,महक तृतीय स्थान पर रही | डिबेट में शिक्षा प्रथम स्थान, राशि द्वितीय स्थान ,निशा तृतीय स्थान पर रही | प्रश्नोत्तरी में शिक्षा और उसकी टीम प्रथम स्थान पर रहे ,प्रिया और उसकी टीम द्वितीय स्थान पर रहे ,खुशी और उसकी टीम तृतीय स्थान पर रही | संस्कृतिक कमेटी की इंचार्ज श्रीमती सोनिया देशवाल ने बताया कि स्वर निर्झर कार्यक्रम में विजेता छात्रों को सम्मानित किया गया |

Sonia
Incharge
Cultural Committee

Principal
SMSL Govt College
Julana

Scanned with CamScanner